न्यायालय भू-प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी, कोटा

आज्ञा-पत्र

उनवान .... अमीनुद्दीन .... बनाम .... साबिर मोहम्मद ....

किस्म मुकदमा .... प्रा. पत्रा रेस्टो .... अपील संख्या .... 2024/148 ....

अभिभाषक अपीलान्ट .... श्री अब्दुल अजीज .... अभिभाषक रेस्पोडेन्ट ~~श्री~~ अब्दुल ... / श्री जी. पी. ... .

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए
2.1.25	पत्रावली रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र पर आदेश हेतु पेश हुई है। उक्त पत्रावली अभिभाषक अपीलांट व अपीलांटगण के अनुपस्थित रहने के कारण इस न्यायालय के निर्णय दिनांक 21.05.2024 से अदम हाजरी अदम पैरवी में खारिज की गयी। हमने अभिभाषकगण उभयपक्ष की बहस पर मनन किया एवं पत्रावली का अवलोकन किया। न्यायहित में रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर मूल पत्रावली पुनः दर्ज रजिस्टर किये जाने के आदेश दिये जाते है। रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र नम्बर से कम किया जाकर पत्रावली के साथ सलंग्न किया जावे। (दीप्ति रामचन्द्र मीना) भू-प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी, कोटा	

न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी कोटा राजस्थान

प्रार्थना–पत्र क्रमांक–   /2024

अमीनुद्दीन आत्मज काजी नजीरउद्दीन जाति मुसलमान

निवासी ग्राम डग तहसील डग जिला झालावाड राज0

–प्रार्थी

–बनाम–

1–साबिर मोहम्मद आत्मज काजी नजीरउद्दीन जाति मुसलमान

निवासी डग तहसील डग जिला झालावाड राज0

2–रफीकउद्दीन आत्मज काजी नजीरउद्दीन जाति मुसलमान मृतक

जरिये कायम मुकामान

2/1–शमशाद बी पत्नी रफीकउद्दीन

2/2–अजहरउदउ्दीन पुत्र रफीकउद्दीन

2/3–शीरिन बी पुत्री रफीकउद्दीन

जाति मुसलमान निवासीगण ग्राम डग तहसील डग जिला झालावाड

3–नुरूउद्दीन आत्मज काजी नजीरउद्दीन जाति मुसलमान

निवासी डग तहसील डग जिला झालावाड राज0

4–खलीलउद्दीन आत्मज काजी नजीरउद्दीन जाति मुसलमान

निवासी ग्राम डग तहसील डग जिला झालावाड राज0

5–मोहम्मद याकुब आत्मज गुलाम रसूल जाति मुसलमान

6–नफीस मोहम्मद खां आत्मज रफीक मोहम्मद खान जाति मुसलमान

7–रईस मोहम्मद आतमज रफीक मोहम्मद खान जाति मुसलमान

क्रमशः––––2

8–सायरा बानो पुत्री सगीर मोहम्मद जाति मुसलमान

9–पुष्पा सोनी पत्नी किशोर सोनी जाति सोनी

10–पवन कुमार आत्मज भैरूलाल महाजन

11–गीता देवी शर्मा पत्नी बृजमोहन शर्मा जाति ब्राहम्ण

12–राजेन्द्र कुमार आत्मज बसन्तीलाल जाति महाजन

13–पंकज कुमार जैन आत्मज मोहनलाल जैन जाति महाजन

निवासीगण ग्राम डग तहसील डग जिला झालावाड राज0

14–राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार तहसील डग जिला झालावाड राज0

15. रफीक मोहम्मद पुत्र रज्जाक मोहम्मद निवासी डग जिला झालावाड

–अप्रार्थीगण

<u>अपील अन्तर्गत धारा–225 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम</u>

<u>प्रार्थना–पत्र वास्ते रेस्टोर किये जाने अपील</u>

मान्यवर,

प्रार्थी अपीलाण्ट निम्न निवेदन करता है–

1– यह कि उपरोक्त उनवान की अपील सम्माननीय न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें गत पेशी दिनांक–21–05–2024 नियत थी।

2– यह कि प्रार्थी अपीलाण्ट गत पेशी दिनांक–21–05–2024 को माननीय न्यायालय के समक्ष हाजिर नही हुआ था, क्योकि प्रार्थी अपीलाण्ट को उसके अधिवक्ता महोदय द्वारा आश्वस्त किया हुआ था कि प्रार्थी अपीलाण्ट को पेशी पर आने की आवश्यकता नही है, प्रार्थी अपीलाण्ट की जब भी आवश्यकता होगी, उसे सूचित कर दिया जाएगा, इस कारण से प्रार्थी अपीलाण्ट आश्वस्त था तथा उक्त पेशी पर प्रार्थी अपीलाण्ट के अधिवक्ता महोदय भी अन्य प्रकरण में व्यस्त हो गये थे इस कारण से माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी पर उपस्थित नही हुऐ और प्रार्थी अपीलाण्ट की